तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



10 नागरिकों को बताए गए अधिकार और ऑनलाइन...





11 बया शिविर में ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह,...




# मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर रार, अवैध कटों का जाल, बिना अनुमति निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर इन दिनों डिवाइडर निर्माण और अवैध कटों को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। एक ओर नगर पालिका परिषद द्वारा बिना अनुमति, बिना तकनीकी सर्वे और बिना विभागीय अनुशंसा के नए डिवाइडर निर्माण की प्रक्रिया की जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रभावशाली लोगों द्वारा नियमों को दरकिनार कर डिवाइडरों को तोड़कर अवैध रास्ते बनाए जा रहे हैं। इस दोहरी स्थिति ने शहर की यातायात व्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। जानकारी के अनुसार, अंबेडकर चौक सहित

## जगह-जगह कटे डिवाइडर से अब तक 7 लोगों की मौत और 120 से अधिक घायल

### मुख्य मार्ग पर अवैध कटों का जाल

इसी बीच शहर के इसी मुख्य मार्ग पर अवैध कटों का जाल भी तेजी से फैलता जा रहा है। महज साढ़े तीन किलोमीटर के दायरे में करीब 20 स्थानों पर डिवाइडर को तोड़कर रास्ते बना दिए गए हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ रसूखदार व्यक्तियों ने अपने निजी लाभ के लिए इन कटों का निर्माण कराया है। इसके चलते वाहन चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ती है, जिससे आमने-सामने की टक्कर और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालक इन अनियमित कटों के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।



### कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश

आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में इस मार्ग पर 7 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 120 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कई बार शिकायतें और ज्ञापन दिए जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

मुख्य मार्ग पर यूनीपोल (लाइट एवं विज्ञापन युक्त पोल) स्थापना के लिए नगर पालिका द्वारा सड़क के बीचों-बीच नया डिवाइडर बनाने हेतु खुदाई की जा रही है। इस प्रस्ताव का स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने कड़ा विरोध करते हुए इसे जनहित के खिलाफ बताया है। उनका कहना है कि पहले से ही तकनीकी मानकों के अनुसार डिवाइडर निर्मित है, ऐसे में नया निर्माण यातायात को और बाधित करेगा, खासकर तब जब चौक का क्षेत्र अपेक्षाकृत संकरा है। वहीं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा ने बताया कि भाटापारा से अंबेडकर चौक तक का मार्ग उनके विभाग के अधीन है ▸▸ शेष पेज 11 पर

### कॉलोनाइजर को नोटिस जारी

प्रशासनिक अधिकारियों के बयानों से भी स्थिति की गंभीरता उजागर होती है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने स्पष्ट किया कि नए डिवाइडर निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है और न ही यातायात प्रभाव का कोई सर्वे कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि विनायकम कॉलोनी के सामने डिवाइडर तोड़ने का प्रयास करने वाले कॉलोनाइजर नीतेश शर्मा को नोटिस जारी कर यथास्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सोनकर समाज के भवन का शिवरतन ने किया भूमिपूजन



**सिमगा।** सोनकर समाज के भवन निर्माण हेतु पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भूमि पूजन किया। साथ ही नवीन भवन निर्माण हेतु 25 लाख देने की घोषणा। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भवन निर्माण पश्चात यहां सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां सुगमता से संचालन हो सकेगा, जिससे समाज तेज गति से आगे बढ़ेगा एवं एकता और सहयोग का प्रतीक बनेगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, भाजपा नेता अनिल पांडेय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भागवत सोनकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, समाज के अध्यक्ष मुकेश सोनकर, नेता प्रतिपक्ष सचिन जैन, अभिजीत अवस्थी, पार्षद मुकंद रजक, पितांबर सोनकर, परस पाटकर, सुरज सोनकर, हरि सोनकर सहित समाज के सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

### यातायात नियमों की अवहेलना, 21 वाहन चालकों पर कार्रवाई



**मुंडा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस की सख्ती लगातार जारी है। इसी कड़ी में 18 मई को मुंडा चिरपोटा पुल के पास सड़क सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए चेकिंग किया गया। जिनमें बिना हेलमेट पहने, तीन सवारी, बिना कागजात,जैसे मामलों पर कार्यवाही की गई। पुलिस ने बिना कागजात और तीन सवारी 21 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए 6500 का समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा मुंडा चिरपोटा पुल के पास नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की जा रही जांच कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप मचा था।

हादसा : पिकअप से टकराई टीव्हीएस लुना, एक की मौत, दो घायल

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बलौदाजार जिले के गिधौरी-भटगांव मार्ग पर ग्राम घटमड़वा के पास सोमवार 10.30 बजे के आसपास पिकअप से लुना टकरा गई। इसमें लुना चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं लुना सवार साथी दो युवक बाल बाल बचे।

जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक सी जी 13 ए आर 0739 शिवरीनारायण से आलु भरकर भटगांव की ओर जा रही थी, उसी बीच ग्राम घटमड़वा के नहर के पास एन एच 130 बी मुख्य सड़क पर टीव्हीएस लुना क्रमांक सी जी 11 बीएम 3455 पर तीन युवक पुलेनी रोड तरफ आ रहे थे और तेज रफ्तार से पिकअप पर जा टकराये। इससे जिला जांजगीर चांपा के शिवरीनारायण जोगी डीपा निवासी वार्ड 1 जितेंद्र पिता राजेंद्र शिकारी 35 वर्ष की मौके पर मौत हो गई और साथी सुनील शिकारी, घनश्याम शिकारी बाल-बाल बच गये।

घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया और वहां आवागमन बाधित होने की स्थिति बनी रही। वहां के जनप्रतिनिधियों ने आवागमन को बहाल किया गया और घटना की जानकारी गिधौरी पुलिस थाना को दी। मौके पर गिधौरी पुलिस ने मर्ग कायम कर और शव की पंचनामा कार्रवाई कर मृतक युवक जितेंद्र शिकारी को तत्काल एम्बुलेंस से कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया और घटना की जानकारी परिजनों दी गई। मामले की जांच गिधौरी पुलिस कर रही है।





### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**बंगोली।** ग्राम बंगोली मे विगत रविवार रात्रि तीन से चार बजे के बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से बस स्टैण्ड में युवक चंद्रप्रकाश खुटे 24 वर्ष की मौत हो गई। मृतक युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। घटना सूचना पर खरोरा पुलिस ने शव को चीरघर भेज दिया। ज्ञात हो कि बस स्टैण्ड व इसके पांच सौ मीटर की परिधी में विगत एक वर्ष में दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत हो गई है। लगभग सभी घटनाएं एक जैसी है तथा राजधानी रायपुर से बलौदाबाजार जिला को यह एक मात्र प्रमुख मार्ग है जहाँ से मिनट टू मिनट दर्जनों मोटर सायकिल,चार पहिया सहित हजारों की संख्या में गाड़ियाँ दिनभर अपने मन मुताबिक तेज रफ्तार से दौड़ते हैं।क्योंकि कहीं पर भी गति को अवरोध करने लिये गतिरोधक नहीं है। खासबात यह कि बंगोली बस स्टैण्ड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोगों की आवागमन का प्रमुख केंद्र हैं। बस स्टैण्ड के पास मेनरोड में बैंक ऑफ बड़ौदा है, च्वाईस सेंटर, मेडिकल स्टोर, महिला हॉस्पिटल सहित अन्य दुकाने हैं जहां आम लोगों की आना जाना दिनभर रहती है और आगे समय मौत की इंतजार न करते हुए सड़क परिवहन विभाग, जिला प्रशासन अतिशिघ्र ही गति अवरोधक बनाना चाहिए।

■ बस स्टैण्ड में गति रोधक बनाने की मॉग

# खरोरा में चोरों का आतंक, 48 घंटे में तीन घरों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के वार्ड 8 शिव मंदिर इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने लोगों में दहशत है। महज 48 घंटे के भीतर चोरों ने तीन अलग-अलग वारदातों को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की सुस्त कार्यशैली के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

■ पुलिस गश्त पर उठे सवाल

सूने मकान से लाखों के जेवर और नकदी पार पहली घटना 13 मई की रात की है। रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग, नवा रायपुर में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत दुर्गेश वर्मा अपने पैतृक गांव मंढी गए हुए थे। उनकी पत्नी मायके में थीं, जिसके कारण घर सूना था। रात करीब साढ़े आठ बजे घर में ताला लगाकर वे निकले थे। अगली सुबह जब उन्होंने मोबाइल से सीसीटीवी कैमरा देखना चाहा तो कैमरा बंद मिला। इसके बाद पड़ोसी टिकेश्वर साहू को घर



भेजा गया, जहां मुख्य दरवाजे का ताला और कुंडा टूटा मिला। घर के भीतर अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। चोर 5 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, 20 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल और बिछिया चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

इस मामले में पुलिस ने धारा 331(4) और 305(ए) के तहत मामला कायम किया है। घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है।पोर्च से बुलेट बाइक चोरी दूसरी घटना भी इसी वार्ड की है। ▸▸ शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस की भूपेश सरकार के समय खरीदी गई थी 400 बुलेरो : इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कांग्रेस सरकार में प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए डायल 112 के लिए 400 बोलेरो वाहनों की खरीदी को केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा विभिन्न जिलों के लिए रवाना किए जाने तथा प्रदेश सरकार द्वारा अपनी उपलब्धि बताए जाने पर विधायक इंद्र साव ने कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय खरीदे इन वाहनों को तीसरी बटालियन अमलेश्वर में रखा गया था। विधायक इंद्र साव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की भाजपा सरकार के मुखिया छत्तीसगढ़ की जनता के साथ झूठ, फरेब करने के बाद अपने केंद्रीय नेता को भी झूठ बोलने से पीछे नहीं हट रहे हैं। कांग्रेस की पूर्ववती भूपेश सरकार के समय खरीदे गए बुलेरो को अपना श्रेय लेते केंद्रीय गृह मंत्री के हाथों हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के पश्चात क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव इस प्रतिनिधि से चर्चा कर रहे थे।

इसका सबसे बड़ा श्रेय पूर्ववती कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जाता है, जिन्होंने यह पहल राज्य में कानून-व्यवस्था, आपात सहायता और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से वाहनों की खरीदी की थी, लेकिन दुर्भाग्य ▸▸ शेष पेज 11 पर






### विधानसभा में विधायक इंद्र साव के सवाल पर स्वीकार किया था गृहमंत्री शर्मा ने

भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने चर्चा में बताया कि उनके पास पुख्ता जानकारी होने के पश्चात उन्होंने इस बारे में विधानसभा में प्रश्न लगाकर इस मुद्दे को सदन में उठाते रहे और गृहमंत्री विजय शर्मा के गोलमोल जवाब पर उन्हें घेरते रहे, तब गृहमंत्री ने इस बात को स्वीकार करते हुए बताया कि 29 सितंबर 2023 को डॉयल 112 एमरजेंसी रिस्पॉन्स के 32 करोड़ 91 लाख 51 हजार 305 रुपए खर्च कर 374 बुलेरो वाहन क्रय किया गया था, जिसके लिए 12 जून 2023 को आन लाइन टेंडर जारी किया गया था। विधायक इंद्र साव द्वारा लगातार मामले को उठाए जाने का असर ये रहा कि प्रदेश सरकार ने डायल 112 के लिए खरीदे गये बोलेरो गाड़ीयों को प्रदेश के सभी जिलों के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा इसे हरि झंडी दिखा कर रवाना कराया गया।

# ओपन बोर्ड परीक्षा में नकल का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के कसडोल स्थित पीएम श्रीआत्मानंद विद्यालय में आयोजित ओपन बोर्ड परीक्षा के दौरान कथित रूप से खुलेआम नकल कराने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा है। परीक्षा केंद्र का एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें परीक्षा नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई देने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की हरिभूमि स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा छात्राओं से संबंधित फुटेज 30 मार्च 2026 का बताया जा रहा है। घटना के बाद अब सभी की नजर जिला शिक्षा विभाग और प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है। यदि वायरल फुटेज की पुष्टि होती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग तेज हो सकती है। इस संबंध में जिला शिक्षा कार्यालय के सहायक संचालक के.एस. मरावी ने कहा कि मामले की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है।



### गाइड की फोटो कॉपी बांटने का आरोप

वायरल फुटेज में परीक्षा कक्ष के भीतर कुछ लोगों द्वारा छात्रों तक गाइड की फोटो कॉपी पहुंचाने और परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने के आरोप लग रहे हैं। वीडियो में कथित तौर पर छात्रों को उत्तर सामग्री उपलब्ध कराते हुए भी देखा जा सकता है, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले के सामने आने के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि परीक्षा केंद्रों में इस प्रकार खुलेआम नकल कराई जाएगी तो मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय होगा और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी।

# घर में लगी आग, सामान जलकर खाक

**भाटापारा।** शहर के बजरंग वार्ड में उस समय हड़कंप मच गया जब वार्ड निवासी सुशीला के घर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और घर में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, जिससे आग को अन्य घरों तक फैलने से रोक लिया गया। स्थानीय लोगों की सक्रियता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, हालांकि घर और घरेलू सामान को भारी नुकसान पहुँचा है। सुशीला ने बताया कि घर में पूजा-पाठ के लिए जलाया गया दिया हमेशा की तरह जल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि चूहे द्वारा दिए से छेड़छाड़ होने के कारण आग लगी होगी। स्थानीय लोगों के अनुसार सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया। मौके पर शहर थाना पुलिस भी पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच जारी है।



विरोध में व्यापारियों और आम जनता से किया संवाद

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने बाजार क्षेत्र में पहुंचकर आम जनता एवं व्यापारियों से चर्चा करते हुए खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों को लेकर नाराजगी जताई और सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि खाद्य तेल, दाल, चावल, आटा, मसाले सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आम जनता, गरीब, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण लोगों का घर चलाना मुश्किल हो गया है और आमजन की क्रय शक्ति लगातार घट रही है।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर यदु, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक साहू, जिला महामंत्री लखेश साहू, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, जिला महामंत्री छल्ला साहू, पार्षद सुरेश धृतलहरे, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, अधिवक्ता संजय सोनी, शहर महामंत्री नीरज बांधे, पार्षद डिगेश्वरी, रविंद्र नामदेव, मोहन साहू, महामंत्री भेनू साहू, राजकुमार रजक, अजय भारती सहित ▸▸ शेष पेज 11 पर

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

इस दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों ने बताया कि महंगाई के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आई है और व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई का असर हर वर्ग पर पड़ रहा है, जिससे आर्थिक व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्र की भाजपा सरकार से मांग की कि खाद्य सामग्री के बढ़े हुए दामों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए तथा आम जनता को राहत प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई कम करने की मांग उठाई।




# नगरीय निकायों की 192 डम्प साइट्स पर पौने चार लाख टन कचरे का पहाड़

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के 192 डंप साइट पर करीब पौने चार लाख टन कचरा एकत्र है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने खुद यह जानकारी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी को भेजी गई एक रिपोर्ट में दी है। अब एक अभियान चलाकर कचरे के इस पहाड़ को खत्म किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के कई शहरों में वर्षों से जमा 'पुराने कचरे' के निपटान के लिए एक बड़ा अभियान छेड़ने का निर्णय लिया है। प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे तय समयसीमा के भीतर कचरे की इन डम्प साइट्स को पूरी तरह साफ करें और दैनिक कचरे का शत-प्रतिशत प्रसंस्करण सुनिश्चित करें।

### क्या है पूरा मामला?

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, राज्य के 189 नगरीय निकायों में वर्तमान में 192 ऐसे स्थान हैं, जहां भारी मात्रा में पुराना कचरा जमा है। विभाग की सचिव ने पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026' पूरे राज्य में 1 अप्रैल, 2026 से प्रभावी हो चुका है, जिसके तहत कचरे का निपटान अब कानूनी रूप से अनिवार्य है।*

### राज्य सरकार ने एनजीटी को भेजी रिपोर्ट में दी ये जानकारी, अब करेंगे साफ



### आंकड़ों में कचरे की चुनौती

*नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के समक्ष पेश की गई रिपोर्ट के हवाले से सरकार ने चौंकाने वाले आंकड़े साझा किए हैं। डम्प साइट्स की संख्या- राज्य भर में कुल 192 स्थानों पर लिगेसी कचरा जमा है। इन स्थलों पर लगभग 3.86 लाख मीट्रिक टन कचरा मौजूद है। राज्य के 189 नगरीय निकायों को इस अभियान में शामिल किया गया है ।*

### सख्त हिदायत, दैनिक कचरे का भी हो निपटान

*सरकार ने केवल पुराने कचरे को साफ करने तक ही सीमित रहने को नहीं कहा है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों के लिए भी निकायों को चेतावनी दी है। निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे शहर में हर दिन पैदा होने वाले ठोस कचरे का शत-प्रतिशत प्रसंस्करण करना सुनिश्चित करें। इसका उद्देश्य यह है कि भविष्य में किसी भी नए स्थान पर 'लिगेसी वेस्ट' या कचरे के पहाड़ न बन सकें।*

### राष्ट्रीय हरित अधिकरण की निगरानी

*यह कार्रवाई राष्ट्रीय हरित अधिकरण के समक्ष चल रहे एक प्रकरण के परिप्रेक्ष्य में की जा रही है। राज्य सरकार ने मार्च 2026 को अपनी छठवीं छमाही रिपोर्ट में कचरा निपटान के लिए एक समयसीमा प्रस्तावित की है, जिसका पालन करना अब सभी स्थानीय निकायों के लिए अनिवार्य होगा। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और इसकी नियमित निगरानी विभागीय स्तर पर की जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### फार्मेसी काउंसिल के पुनः रजिस्ट्रार बने गुर्देकर हाईकोर्ट से मिली राहत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में अश्वनी गुर्देकर को पुनः रजिस्ट्रार बनाया गया है। उनकी नियुक्ति को चुनौती देते हुए लगाई गई याचिका पर हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने उन्हें पद से हटा दिया था। चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने आदेश को रद्द करने के दौरान यह भी निर्देशित किया कि काउंसिल में रजिस्ट्रार के पद पर नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया नियमानुसार प्रारंभ करें। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रार के पद पर किसी चिकित्सक की नियुक्ति देने की मांग के साथ फार्मासिस्ट अश्वनी गुर्देकर को प्रभार दिए जाने के आदेश को चुनौती दी गई थी। करीब दो महीने पहले मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने इस नियुक्ति को गलत ठहराते हुए श्री गुर्देकर को हटाने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने डबल बेंच में अपील की, जिसकी सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने पुराने आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही यह निर्देश दिया कि इस पद नियमित नियुक्ति नियमानुसार करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए और तब तक अश्वनी गुर्देकर इस कार्य का निर्वहन करते रहेंगे। पूर्व में अश्वनी गुर्देकर आंबेडकर अस्पताल में फार्मासिस्ट के रूप में कार्यरत थे और उन्हें फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार का प्रभार सौंपा गया था।

### भरत मटियारा का निधन भाजपा के लिए एक अपूरणीय क्षति

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता भरत मटियारा के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। भरत मटियारा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे और हैदराबाद में उनका उपचार चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री देव ने अपने शोक संदेश में कहा कि वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा का निधन भाजपा-परिवार और पूरे मछुआरा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व. मटियारा ने सदैव संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित होकर कार्य किया। वे एक कर्मठ, मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता थे। मछुआरा समाज के उत्थान और उनके अधिकारों की लड़ाई में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### आकाशवाणी से विजय की वार्ता का प्रसारण आज



**रायपुर।** आकाशवाणी रायपुर की साहित्यिक पत्रिका मोर भुइयां के अंतर्गत विजय मिश्रा 'अमित' की वार्ता 'छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास में डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा का योगदान' का प्रसारण 19 मई को किया जाएगा। श्री मिश्रा के साथ ही मानसिंह मौलिक की कहानी एवं तोषण चुरेंद्र की कविता का भी प्रसारण होगा। भुइयां पत्रिका के संपादक आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र कुमार साहू हैं। मोर भुइयां कार्यक्रम के अंतर्गत 19 मई सुबह 8.30 बजे वार्ता प्रसारण आकाशवाणी रायपुर से होगा। विदित हो कि डॉ. पालेश्वर शर्मा छत्तीसगढ़ के ऐसे साहित्यकार रहे, जिन्होंने छत्तीसगढ़ के इतिहास और जनजीवन पर अनेक किताबें लिखी हैं।

## आयोजन : जिला न्यायालय परिसर में उपभोक्ता जागरूकता शिविर

# नागरिकों को बताए गए अधिकार और ऑनलाइन शिकायत के नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला न्यायालय के अभिभाषक संघ के बार कक्ष में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नगरवासियों तथा अधिवक्ताओ को उपभोक्ता कानून के बोर में जानकारी प्रदान की गई। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य हरजीत सिंह चॉवला एवं शारदा सोनी ने नगर वासियो, जिला न्यायालय में उपस्थित नागरिकों को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण किया गया। उपभोक्ता कानूनों के बारे में बताया गया कि व्यक्ति जन्म से ही उपभोक्ता होता है उपभोक्ता, सेवा में कमी से संबंधित शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष कर सकता है। शिकायतों में लगने वाले शुल्क के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यदि उपभोक्ता शिकायत का मूल्य पाँच लाख तक हो तो उस पर कोई शुल्क नहीं लगता है शिकायत निःशुल्क रहती है। अधिवक्ताओं को ई फाइलिंग व ई हियररिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि आयोगों के समक्ष शिकायत अब ई फाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन ही की जाती है जो की अब अनिवार्य हैं इसके लिए उपभोक्ता ई जागृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बहस हेतु आयोग के समक्ष उपस्थित होना ज़रूनी नहीं है उपभोक्ता अपना पक्ष या बहस ई हियरिंग के माध्यम से ऑनलाइन कहीं से भी कर सकते हैं यह सुविधा जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ हो चुकी है। शिविर में जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष शारिक खान ने उपभोक्ता आयोग द्वारा लगाये जा रहे जागरूकता शिविर की सराहना करते हुए उपस्थितजनो से उपभोक्ता संरक्षरण कानून का लाभ लेने की अपील की तथा सम्बंधित प्रक्रिया को सरल शब्दों में बताया।

इस दौरान जिला अभिभाषक संघ के सचिव गणेशशंकर साहू, छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद के विभिन्न समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष भास्कर प्रसाद साहू, दीपक पटेल, राज नारायण त्रिपाठी सहित राजकुमार पात्रे, संरक्षक बीपी ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ता, आयोग के कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

# केमिस्ट हड़ताल से पहले जिला प्रशासन हुआ सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- **शासकीय चिकित्सालय व नर्सिंग होम्स सहित 7 स्थानों पर खुले रहेंगे एक- एक मेडिकल स्टोर्स**

ऑनलाइन औषधियों की बिक्री के विरोध स्वरूप जिला औषधि विक्रेता संघ बलौदाबाजार द्वारा 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिले में आम नागरिकों को आवश्यक औषधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में संचालित समस्त जनऔषधि केन्द्रों पीएमबीजेएके, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, शासकीय चिकित्सालयों, नर्सिंग होम्स एवं अन्य औषधि वितरण केन्द्रों के माध्यम से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि आमजन एवं मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा दवा विक्रेता संघ को प्रस्तावित विरोध कार्यक्रम के दौरान जनहित, रोगी सेवा एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक दवाओं एवं स्वास्थ्य उत्पादों की उपलब्धता बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने कहा गया हैं।

जिन मरीजों को नियमित दवाओं की आवश्यकता होती है, वे चिकित्सकीय परामर्श अनुसार आवश्यक दवाएं पूर्व में प्राप्त कर सुरक्षित रखें। आपातकालीन स्थिति में शासकीय अस्पतालों, जनऔषधि केन्द्रों, धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स, नर्सिंग होम्स एवं अन्य उपलब्ध औषधि केन्द्रों से दवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

### इन स्थानों पर खुले रहेंगे मेडिकल स्टोर्स

मेसर्स श्याम सुंदर मेडिकल स्टोर्स भाटापारा, मिरी फार्मेसी बलौदाबाजार, मेसर्स साहू मेडिकल स्टोर्स सिमगा, महेश मेडिकल स्टोर्स कसडोल, पायल मेडिकल स्टोर्स पलारी, महामाया मेडिकल स्टोर्स लवन, वसुधा मेडिकल स्टोर्स संडी खुले रहेंगे।

# आईआईटी रुड़की ने ली परीक्षा, ज्यादा जेब वाले कपड़ों पर भी पाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **पहले ही जारी कर दिए गए थे दिशा-निर्देश, समय सीमा को लेकर भी सख्ती**
- **कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में हुई परीक्षा, नीट भी अगले सत्र से इसी पैटर्न में**

आईआईटी रुड़की ने रविवार को दो शिफ्ट में जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा भारत के 221 शहरों और दो अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर आयोजित की गई। कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में परीक्षा सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुई।

गौरतलब है, नीट पर्चा लीक कांड के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा भी कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट मोड में आयोजित किए जाने की तैयारी है। जबकि जेईई की परीक्षा पहले से ही कंप्यूटर बेस्ड मोड में आयोजित की जाती रही हैं। कंप्यूटर आधारित परीक्षा होने के कारण इसके लिए केंद्र उन्हीं संस्थानों में बनाए गए थे, जहां पर्याप्त संसाधन हो। जेईई मेन्स क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थी ही इसमें शामिल हुए।

### कई स्तर पर जांच

नीट पेपर लीक कांड के बाद अन्य परीक्षाओं में भी विशेष सावधानी बरती जा रही है। यह सख्ती जेईई एडवांस में भी देखने को मिली। आईआईटी रुड़की ने ड्रेस कोड को लेकर पहले ही सख्त दिशा-निर्देश दिए थे। हल्के और साधारण कपड़े पहनने संबंधित निर्देशों के साथ कम जेब वाले कपड़े पहनने भी कहा गया था। छात्र चप्पल या सैंडल जैसे खुले जूते पहनकर ही केंद्र पहुंचे।

# सुहेला सोसायटी में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज सुबह 11 बजे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सुहेला में विशेष कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक, लखपति दीदी, इफको, कृभको, एफआईजी एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होकर किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से उन्नत कृषि कार्य करने के गुर एवं आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे।समिति प्रबंधक शिवदास मिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 मई से 20 मई तक चलने वाले 12 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्राथमिक कृषि केंद्रों में किसानों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज सुहेला समिति में कार्यक्रम आयोजित होगा।

कार्यक्रम में किसानों को जैविक खाद, रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग, धान सहित विभिन्न फसलों के उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज चयन, कीट एवं रोग नियंत्रण, मिट्टी परीक्षण, जल संरक्षण तथा आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। वैज्ञानिक किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय भी बताएंगे।

अभियान का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक खेती से जोड़कर कृषि उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसानों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

# जनगणना कार्य पूर्ण करने में सोनाखान तहसील जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल






बलौदाबाजार जिले में जनगणना 2026 के कार्य में सोनाखान तहसील ने सभी एचएलबी का कार्य 17 मई तक पूरा कर जिले में पहला स्थान हासिल किया। तहसीलदार देवाशीष कुर्रे ने टीम को बधाई दी। बलौदाबाजार जिले में चल रहे जनगणना कार्य में सोनाखान तहसील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

1 मई 2026 से प्रारंभ हुए इस अभियान में सोनाखान तहसील के सभी प्रगणकों ने 17 मई तक ही निर्धारित कार्य पूर्ण कर प्रशासनिक दक्षता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। जानकारी के अनुसार सोनाखान तहसील में कुल 142 एचएलबी में 103 प्रगणक एवं 18 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी कर्मचारियों ने समयबद्ध तरीके से जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया।इस उपलब्धि में फील्ड ट्रेनर निल कुमार नायक एवं सेतराम डड़सेना के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार देवाशीष कुर्रे के निर्देशन में पूरी टीम ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया।सबसे पहले 0090 एचएलबी कुशभाठा के प्रगणक अशोक पटेल ने 8 मई को ही अपना कार्य पूर्ण कर तहसील में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे क्रम में 0089 एचएलबी कुशभाठा के प्रगणक लुकेश दीवान रहे। वहीं तीसरे स्थान पर 0053 एचएलबी के प्रगणक भूषण लाल डड़सेना ने सुपरवाइजर निल कुमार नायक के मार्गदर्शन में 11 मई को कार्य पूर्ण किया। सोनाखान तहसील की इस उल्लेखनीय सफलता पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी देवाशीष कुर्रे ने सभी प्रगणकों, सुपरवाइजरों और फील्ड ट्रेनरों को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की है।

# नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा- वकीलों की सुरक्षा भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायगढ़ जिला बार एसोसिएशन द्वारा वकीलों की सुरक्षा को लेकर किए जा रहे आंदोलन और उनकी सभी न्यायसंगत मांगों का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने प्रदेश की चरमराती कानून-व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, यह बेहद शर्मनाक और विचलित करने वाली विडंबना है कि जब समाज को न्याय दिलाने और कानून की लड़ाई लड़ने वाले वकील ही इस राज्य में सुरक्षित नहीं हैं तो प्रदेश की आम जनता अपनी सुरक्षा की उम्मीद आखिर किससे करे? जिस संभाग और जिले से स्वयं प्रदेश के मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री और सरकार के कई मंत्री आते हैं, वहां एक होनहार आदिवासी महिला अधिवक्ता की ऐसी नृशंस हत्या हो जाती है।

## बंद मकानों की मॉनिटरिंग 30 मई तक करनी होगी

# मकानों की गणना में बंद दरवाजे बन रहे सिरदर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना को लेकर राज्य के सभी जिलों और नगर निगमों में मकान सूचीकरण ब्लॉकों के गठन और सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में अब तक कुल 60.73 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश के कुल 48,742 ब्लॉकों में से 29,602 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है। जनगणना को लेकर प्रगणक लगातार आंकड़े एकत्रित कर रहे हैं। जनगणना के दौरान मिल रहे बंद मकान उनके लिए सिरदर्द हो गए हैं। ऐसे मकानों की 30 मई तक निगरानी करने के बाद ही एंट्री होगी।

जानकारी मिली है कि शहरों में बनाए गए ब्लॉकों में काम बहुत पिछड़ा नजर आ रहा है। जहां ग्रामीण और दूरस्थ जिलों ने बाजी मारी है, वहीं यहां पर मकानों का सूचीकरण बहुत ही कम है। राज्य के बड़े शहरों और नगर निगम क्षेत्रों में काम की रफ्तार चिंताजनक रूप से धीमी दर्ज की गई है। रायगढ़ नगर निगम सूची में सबसे निचले पायदान पर है, जहां 4.65 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। भिलाई नगर में केवल 7.84 प्रतिशत और रिसाली में 8.33 प्रतिशत कार्य ही संपन्न हुआ है। राजधानी रायपुर की बात करें तो यहां कुल 1,964 ब्लॉकों में से केवल 203 ही पूरे हो पाए हैं, जो कि कुल लक्ष्य का मात्र 10.34 प्रतिशत है। शहर के कई वार्डों में प्रगणक अब तक नहीं पहुंच पाए हैं। ऐसे में शेष बचा कार्य 13 दिन में कैसे पूरा होगा, यह अहम सवाल है। इन शहरों में मॉनिटरिंग बढ़ाने जिला स्तर के अधिकारियों से कहा गया है।

### रायपुर में 10 प्रतिशत, रायगढ़ में 4.65 प्रतिशत काम पूरा, 13 दिन में कैसे पूरा होगा टार्गेट

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही सबसे आगे**

जनगणना कार्य में राज्य स्तर पर जिलों के प्रदर्शन को देखा जाए तो आदिवासी बहुल गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला सूची में शीर्ष पर है, जिसने अपने सभी 528 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य पूरा कर लिया है। इसके बाद जशपुर (99.87 प्रतिशत) और मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी (99.84 प्रतिशत), बेमेतरा (97.8 प्रतिशत) और मुंगेली (96.52 प्रतिशत) जिलों में भी काम लगभग खत्म होने वाला है।



***जहां गति धीमी वहां बनाए नोडल*** *: राज्य के अधिकांश जिलों में मैदानी स्तर पर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय है। कबीरधाम के 1 ब्लॉक को छोड़कर हर जगह काम शुरू हो चुका है। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि बचे हुए 'प्रगति पर' कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के लिए नगर निगम आयुक्तों और जिला कलेक्टर्स को विशेष नोडल अधिकारी तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।*

### स्व-गणना में कई का वेरिफिकेशन नहीं

देश में पहली बार जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिसमें प्रगणक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से 33 प्रश्नों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में आम नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ में 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध 'स्व-गणना' विकल्प के माध्यम से 1,49,862 परिवारों ने वेब पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर अपनी सीधी भागीदारी सुनिश्चित की है। प्रगणक घर पहुंचते है तो इसी एसई आईडी के माध्यम से ही वे सत्यापन करते है। कई लोगों का वेरिफिकेशन नहीं होने पर दोबारा जानकारी प्रगणक खुद से भर रहे।

# दक्षिण कोशल कप पर जिला पुलिस का कब्जा, फाइनल में बिलासपुर को 5 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी-कर्मचारी संघ के तत्वावधान में बिलासपुर के सरकंडा मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता दक्षिण कोशल कप 2026 का खिताब बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम ने अपने नाम कर लिया। रविवार रात 17 मई को खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने बिलासपुर पुलिस टीम को 5 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता 27 अप्रैल से शुरू हुई थी, जिसमें प्रदेश के 20 जिलों से विभिन्न शासकीय विभागों, निजी संस्थानों एवं संविदा कर्मचारियों की कुल 48 टीमों ने भाग लिया। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम ने लीग मुकाबलों में बिलासपुर पुलिस बी, बिलासपुर पुलिस सी, शिक्षा विभाग मस्तूरी, बलरामपुर टीम को हराया। वहीं सेमीफाइनल में जल संसाधन विभाग बिलासपुर को पराजित कर टीम ने फाइनल में जगह बनाई।फाइनल मैच में टॉस जीतकर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 80 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कमलेश मरावी, भूपेंद्र वर्मा एवं त्रिलोक चंद्र साहू ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर पुलिस टीम को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। बलौदाबाजार-भाटापारा की ओर से द्वारिका साहू, प्रीतम पाटले और नंद किशोर वर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच को अंतिम गेंद तक रोमांचक बनाए रखा।

## प्रदेश के 20 जिलों की 48 टीमों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा






### द्वारिका साहू को मैन ऑफ द मैच घोषित

अंतिम गेंद पर जीत के लिए 5 रन की आवश्यकता होने के बावजूद बिलासपुर टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और इस तरह बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने 5 रन से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया।विजेता टीम को 1,00,000 की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आरक्षक त्रिलोक चंद्र साहू को बेस्ट बॉलर के रूप में रेंजर साइकिल एवं कप प्रदान किया गया, वहीं फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए आरक्षक द्वारिका साहू को मैन ऑफ द मैच घोषित करते हुए एलसीडी टीवी भेंट किया गया।

## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके साथी के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कुशालपुर निवासी सतीश बंजारी ने बबलू यादव तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सतीश ने पुलिस को बताया कि बबलू तथा उसके साथी ने आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोका और उसके साथ मारपीट की।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आमानाका पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छठ तालाब के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लहराकर आम जनता को डरा-धमका रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची, जहां फैजल अहमद अंसारी को चाकू के साथ लोगों को धमकाते हुए धर-दबोचा।

### सरकारी जमीन से डेयरी फैक्ट्री का अवैध कब्जा हटाया



**रायपुर।** नगर निगम जोन-9 की टीम ने रविवार को महात्मा गांधी वार्ड स्थित सड्डू में 1.45 एकड़ सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को जेसीबी मशीन से हटा दिया। चंदन डेयरी फैक्ट्री द्वारा सरकारी जमीन पर बनाए गए अवैध बाउंड्रीवॉल और शेड को हटाया गया है। साथ ही सिक्योरिटी गार्ड के लिए बनाए गए अवैध शेड को भी हटाने में टीम ने तत्परता दिखाई। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश और निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर रविवार को सड्डू क्षेत्र में 1.45 एकड़ सरकारी जमीन पर चंदन डेयरी फैक्ट्री द्वारा किए गए कब्जे को जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता तोड़ दिया गया। यह अभियान तहसीलदार राममूर्ति दीवान के मार्गदर्शन में पुलिस बल की मौजूदगी में चलाया गया। कार्रवाई के दौरान जोन-9 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता आशुतोष पांडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र.157/ब-121/2025-2026
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर
आवेदक श्री डाकेश्वर देवांगन पिता श्री उदेराम देवांगन उम्र 34 वर्ष जाति कोष्टा एवं आवेदिका श्रीमती श्वेता देवांगन पति श्री डाकेश्वर देवांगन उम्र 33 वर्ष जाति कोष्टा दोनो निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री डाकेश्वर देवांगन पिता श्री उदेराम देवांगन उम्र 34 वर्ष जाति कोष्टा एवं आवेदिका श्रीमती श्वेता देवांगन पति श्री डाकेश्वर देवांगन उम्र 33 वर्ष जाति कोष्टा दोनो निवासी ग्राम भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 26.04.2026 को स्थान हरियाली हैरिटेज जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हो चुका है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 22.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 12.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**डिप्टी कलेक्टर
एवं विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## सुशासन तिहार : नगर पंचायत टुण्डरा के सरस्वती शिशु मंदिर में लगा शिविर

# 119 आवेदनों में से 45 का तत्काल निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





सुशासन त्योहार के अंतर्गत नगर पंचायत टुण्डरा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में 18 मई को सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न हुआ। इस मौके पर कुल 119आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें से 45 आवेदन का तत्काल निराकरण किया गया। जहां पर महिला बाल विकास विभाग में 2, स्वास्थ विभाग में 9, विद्युत विभाग में 10, डाक विभाग में 2 शिक्षा विभाग में 6, परिवहन विभाग 2, आबकारी विभाग में 1, पुलिस विभाग में 1, खाद्य विभाग में 6, प्रधानमंत्री आवास योजना में 15, राजस्व विभाग टुण्डरा में 32, पेंशन विभाग में 2, दूर संचार विभाग से 1, पी डब्लू डी विभाग से 3, खेल विभाग 3, अन्य विभाग से 7 आवेदन प्राप्त हुआ है। इस दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा लोगो को फलदार वृक्षों का वितरण किया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार का व्यंजन बना कर लाया गया। आर्वेदिक औषधालय द्वारा दवाई पाउडर का वितरण किया, स्वास्थ विभाग द्वारा गोली वितरण किया गया, SOR पाउडर वितरण किया गया। शिविर में राजस्व विभाग टुण्डरा अंतर्गत कुल 32 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें से से 28 का तुरंत निराकरण किया गया जिसमें 24 आवेदन भूमिहीन के लिए, 4 आवेदन जमीन बटवारा अंतर्गत प्राप्त हुआ, इस मौके पर सभी विभाग ने शासन द्वारा चलाए जा रहे सभी महत्व कांक्षी योजना का जानकारी दिया और अंतिम व्यक्ति तक शासन के योजना का लाभ मिलने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुविभागीय दंडाधिकारी अधिकारी राजस्व विभाग टुण्डरा युवराज कुर्रे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत टुण्डरा राजेश तिवारी, सभापति सत्यनारायण पटेल, संजय देवांगन सभापति, महेंद्र सिंह बारले सभापति, पार्षद अशोक कुमार पटेल, रमेश कुमार धीवर, भानुप्रताप, राहुल बारले, हेमलाल बंजारे, गोटीलाल केवट, डॉ नागेंद्र देवांगन, मोतीराम साहू विधायक प्रतिनिधि, सतीश साहू , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ट्विंकल बंजारे, प्रियंका बंजारे, चुनिकां घृत लहरे, खगेश्वरी देवांगन, शकुंतला देवांगन, अंगारा खूंटे, गंगा टंडन, रोहणी साहू, सुमित्रा मानिकपुरी द्वारिका प्रसाद साहू, युगल किशोर साहू, धनी राम साहू सहित सभी जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत टुण्डरा के कर्मचारी पनीत राम धीवर, राजेंद्र कुमार साहू, हेमंत साहू, अंजनी कुमार साहू,धनी राम पटेल, दिलसाय केवट, दुर्गेश कुमार पटेल, देवलाल साहू, अवध राम, राजकुमार पटेल उपस्थित रहे।

## बया शिविर में ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह, 20 गांव लोग हुए शामिल



**बलौदाबाजार/कसडोल।** जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं क्ी उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत सोमवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत बया में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बया सहित 20 ग्राम पंचायत के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शिविर में प्राप्त 865 आवेदनों में से 125 का मौक़े पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण हेतु शपथ भी ली गई।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजना के तहत हितग्राहियों को सामग्री, चेक और सम्मान पत्र दिया गया। इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास क्ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक्ी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को फलदार पौधे, भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी 5 टीबी मुक्त गांव के सरपंच को महात्मा गांधी क्ी प्रतिम,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं । इसके साथ ही विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत तुलसी एवं 4 नगरीय निकायों में भी शिविर आयोजित हुआ ।

# ईंधन के संयमित उपयोग के लिए जिला प्रशासन की ऑनलाइन बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन द्वारा ईंधन के संयमित उपयोग हेतु बैठकों में अधिकारियों की भौतिक उपस्थिति के स्थान पर ऑनलाइन बैठकों पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शासन की मंशानुरूप सभी अधिकारियों को निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

आगामी समय सीमा की बैठक हेतु प्रगति कक्ष में जिला मुख्यालय के जिला स्तरीय अधिकारी के अलावा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलौदाबाजार, जनपद सीईओ बलौदाबाजार, तहसीलदार बलौदाबाजार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार उपस्थित रहेंगे।कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी भाटापारा एवं कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग कसडोल अपने-अपने जनपद पंचायत के वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। जिले के अन्य अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अपने-अपने जनपद पंचायत के वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से साप्ताहिक समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। इसी तरह अधिकारी - कर्मचारी समाधान शिविर में जाने के लिये पूलिंग वाहन का उपयोग करेंगे। जनदर्शन में भाग लेने वाले ग्रामीण अपनी सुविधा अनुसार अपने क्षेत्र के जनपद पंचायत कार्यालय में वीडियो कार्फेस के माध्यम से भी जनदर्शन में उपस्थित रह सकते हैं।

> ■ जनदर्शन में भी ग्रामीण जनपद मुख्यालय से ऑनलाइन हो सकेंगे शामिल

# कबीर धर्मदास वंशावली मिशन की तहसील स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




कबीरपंथ के 16 वे वंशआचार्य उदित मुनि नाम साहब द्वारा स्थापित सदगुरु कबीर धर्मदास वंशावली मिशन तहसील भाटापारा के तत्वावधान में तहसील स्तरीय बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला प्रतिनिधि कुशल साहू, जिला परोपकारी प्रतिनिधि जितेंद्र साहू, जिला सलाहकार महंत मोहित दास साहब एवं जिला महिला प्रतिनिधि पुनेश्वरी साहू जिला महिला सह प्रतिनिधि कीर्ति साहू एवं समस्त तहसील भाटापारा के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इसमें मुख्य रूप से 9 जून को कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में होने वाले वर्कशॉप में सभी प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य किया गया एवं आईडी कार्ड वितरण सुनिश्चित किया गया एवं आगामी नवोदय यात्रा की तैयारी के लिए निर्देश दिया गया। समस्त कबीर पंथियों की सर्वे की समीक्षा एवं प्रत्येक गांव में सदगुरु कबीर प्रकट उत्सव मनाने हेतु प्रेरित किया गया। तहसील प्रतिनिधि के रूप में संतोष कुमार साहू एवं तहसील भाटापारा महिला प्रतिनिधि आरती साहू, तहसील महिला सह प्रतिनिधि हीरामणि साहू तहसील परोपकारी रवि साहू, तहसील सह प्रतिनिधि कुंभकरण पटेल को चयनित किया गया। जिला परोपकारी प्रतिनिधि गोपालसाहू इत्यादि विभिन्न प्रतिनिधियों को भी पुनः चयन किया गया।

## पेज 9 के शेष

### मुख्य मार्ग के ...

और इस पर किसी नए डिवाइडर निर्माण की अनुमति नहीं दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ शैलेश सूर्यवंशी ने भी स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130बी के अंतर्गत आने वाले हिस्से में डिवाइडर तोड़ने की कोई अनुमति नहीं दी गई है।यातायात विभाग के डीएसपी संजय साहू ने भी कहा कि उनके विभाग से न तो नए डिवाइडर निर्माण और न ही पुराने डिवाइडर हटाने के संबंध में कोई सलाह या अनुशंसा ली गई है।स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मार्ग का तकनीकी सर्वे कर सभी अवैध कटों को तत्काल बंद किया जाए, क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत कराई जाए और बिना अनुमति किए जा रहे निर्माण कार्यों पर रोक लगाई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कर सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बहाल की जाए। मामले में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि विनायकम कॉलोनी के सामने डिवाइडर को काटने की कोशिश पहले से ही सुनियोजित तरीके से की जा रही थी। आरोप है कि कुछ दिन पहले डिवाइडर पर लगी लोहे की जालियां हटाकर पहले माहौल का आकलन किया गया और जब कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो डिवाइडर काटकर रास्ता बनाने का प्रयास किया गया।

### खरोरा में चोरों ...

कोरबा निवासी तुकेश साहू, जो खरोरा में किराए के मकान में रहकर रायपुर की एक फार्मा कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, अपनी बुलेट सीजी 12 बीके 2523 को मकान के पोर्च में लॉक कर ससुराल गए थे।14 मई को लौटने पर बाइक गायब मिली। दो दिन तक खुद तलाश करने के बाद उन्होंने 15 मई को खरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाइक उनके साले दीपक कुमार साहू के नाम पर दर्ज है। तीसरी घटना में नकदी और जेवर चोरी तीसरी चोरी की घटना वार्ड क्रमांक 8 निवासी नरेंद्र मानिकपुरी के घर में हुई। नरेंद्र कुमार परिवार सहित ग्राम तेंदुआ में दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान आसपास के लोगों ने मोबाइल पर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि अज्ञात चोर घर से 6 हजार रुपये नकद, कान की सोने की बाली और तीन चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए हैं। मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है।पुलिस गश्त पर नाराजगी स्थानीय लोगों का कहना है कि 13 से 16 मई के बीच वार्ड नंबर 8 और 14 में चोरी की करीब छह घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें से तीन मामलों में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। इसके बावजूद रात में पुलिस गश्त न के बराबर है।इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कांग्रेस की भूपेश...

से कांग्रेस सरकार के हटने के बाद इन वाहनों को रोक कर रख दिया गया था और विधायक इंद्र साव द्वारा प्रदेश में अपराध पर लगाम लगाने के लिए एवं जनता के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले लगातार सवालों का असर हुआ और प्रदेश सरकार को इन वाहनों को प्रदेश के जिलों में भेजने मजबूर होना पड़ा।

### बढ़ती महंगाई के...

बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इसके अलावा व्यापारी मंडल अध्यक्ष गोल्डी मारईया, अभिषेक पटेल, संतोष साहू, खुलेश्वर साहू, महामंत्री भावेश वर्मा, गौरव ध्रुव, इंटक जिला अध्यक्ष चीतेन्द्र वर्मा, पवन दास मानिकपुरी, पुरुषोत्तम यदु, मनोज यादव, आयुष भाटपहरी, सुखदेव साहू, तिलक कन्नौजे सहित अनेक व्यापारी एवं आम नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# बैज ने पूछा- बस्तर के विकास के लिए विशेष पैकेज कब देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बताएं, बस्तर के लिए कुछ विशेष पैकेज लेकर आए हैं या नहीं। डबल इंजन की सरकार में बस्तर के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए केंद्र सरकार 50 हजार करोड़ का विशेष पैकेज की घोषणा कब करेगी? बस्तर संभाग की हर नक्सल मुक्त पंचायत को 1 करोड़ देने की घोषणा कब करेंगे?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पूरे देश से आव्हान कर रहे हैं कि वर्क फ्रॉम होम करें, पेट्रोल-डीजल बचाएं और उनके ही गृह मंत्री, मुख्यमंत्री उनकी बात का मखौल उड़ा रहे। मध्य क्षेत्र परिषद की बैठक वर्चुअल क्यों नहीं की, जबकि सभी मुख्यमंत्री, सचिवालय तथा गृह मंत्रालय के पास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध है।

***मोदी की अपील के बाद बढ़ गए दाम :*** *उन्होंने कहा, देश के आधे पेट्रोल पंप सूखे पड़े हैं। बस्तर में भी पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत है। मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दामों में 3 रुपए से अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। मोदी के आव्हान के बाद खाद्य सामग्री के, सब्जियों के दाम बढ़ गए। मोदीजी यदि अपील नहीं करते तो यह अफरातफरी नहीं होती। अमित शाह बताएं, मोदी निर्मित इस आपदा पर आप क्या कहना चाहेंगे?*

# खाद्य पदार्थ व पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन




**कसडोल।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी कसडोल अध्यक्ष दयाराम वर्मा के नेतृत्व में किराना दुकानों पर जाकर खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमत की जानकारी लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही पेट्रोल पम्पों में जाकर बढ़ी हुई पेट्रोल डीजल की कीमत का जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में रैली निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनाव के बाद केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों व पेट्रोल डीजल के बढ़ाये गए दाम पर विरोध प्रदर्शन किया गया। आज के इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से योगेश बंजारे, चंदन साहू, रमेश बैष्णव, आशीष मिश्रा, गोविन्द मिश्रा, द्वारका निर्मलकर, रामखिलावन डहरिया, दीपक साहू, पंकज जायसवाल, नीलू चंदन साहू, लक्ष्मी साहू, चंद्र प्रकाश साहू, संगीत पैकरा, मनाराम विजन, दीपक साहू, विशाल खुसरो, खिखराम वर्मा, बसंत श्रीवास, परस जयसवाल, सुकलाल बंजारे, संतोष ठाकुर, कमल पटेल, निरेन्द क्षत्रिय, अशोक पटेल सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिभा एवं वरिष्ठजन का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

राजपूत क्षत्रिय महासभा की स्थानीय इकाई द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती, प्रतिभा सम्मान एवं समाज के वरिष्ठजनों का भी सम्मान समारोह का आयोजन विधायक इंद्र साव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता साहित्यकार बलदेव सिंह भारती, नेताप्रतिपक्ष अजय ठाकुर और विक्की ठाकुर के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सामाजिक पदाधिकारियों ने विधायक इन्द्र साव को राजपूत पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर उनका सम्मान किया । विधायक इंद्र साव ने महाराणा प्रताप की 487 वीं जयंती उपसमिति भाटापारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर वे अपने आप को भाग्यशाली मान रहे हैं क्योंकि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान, राष्ट्रनिष्ठा एवं स्वाभिमानपूर्ण जीवन पर उन्हें सादर नमन है। समारोह पश्चात महाराणा प्रताप की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के सभी लोग शामिल हुए। इस दौरान छोटे बच्चों ने अपने करतब का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, सचिव राजेश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, मनोज सिंह, रामानुज सिंह, शीतल सिंह, जगदीश भारती, अजय सिंह सहित काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### महाराणा प्रताप जयंती में शामिल हुए इन्द्र साव



### भवन निर्माण और मूर्ति स्थापना के लिए विधायक ने की 10-10 लाख की घोषणा

विधायक साव ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन प्रत्येक भारतीय को मातृभूमि की रक्षा, आत्मसम्मान एवं संघर्षशीलता का संदेश देता है। विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्र एवं धर्म की रक्षा हेतु उनका अद्वितीय साहस और अटल संकल्प सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने राजपूत क्षत्रिय समाज की मांग पर भवन निर्माण एवं नगर प्रवेश स्थल पर आदमकद महाराणा प्रताप की मूर्ति के लिए दस-दस लाख की घोषणा की, जिसका सामाजिकजनों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### वेट लैंड और जैव विविधता संरक्षण पर कार्यशाला

**खरोरा।** ग्राम मोहरेंगा नेचर सफारी में वेट लैंड एवं जैव विविधता संरक्षण विषय पर जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम वन सभापति लिखूं सेन, जेएफएम समिति अध्यक्ष त्रिपाठी तथा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी फेकू राम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला में ग्रामीणों को वेट लैंड संरक्षण, जैव विविधता के महत्व, पर्यावरण संतुलन तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण मानव जीवन और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता दिखाते हुए सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी की सहभागिता से कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायक रहा। अंत में "प्रकृति संरक्षण ही मानव जीवन की सुरक्षा का आधार है संदेश दिया गया।

### सीबीएसई 12वीं में हर्षिता ने हासिल किए 92 प्रतिशत अंक

**खरोरा।** नगर की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता साहू ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में कॉमर्स संकाय से 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



हर्षिता दित्य बिरला पब्लिक स्कूल बैकुंठ तिल्दा की छात्रा हैं। हर्षिता, खरोरा निवासी स्वर्गीय सतीश साहू की सुपुत्री हैं। उनकी इस शानदार उपलब्धि पर मां नीतू साहू, परिजनों एवं खरोरा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने हर्षिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### तालाब बचाने 13 सप्ताह से लगातार महाभियान

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी रायपुरा जोन द्वारा गदही तालाब में विगत 13 सप्ताह से लगातार जनसहभागिता के साथ सफाई एवं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को अभियान में लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर तालाब संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। समय बीतने के साथ लोगों का जोश, जनसमर्थन एवं सहभागिता लगातार बढ़ती जा रही है। अब यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहकर जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। अमिताभ दुबे, महेंद्र औसर सहित डीडीनगर जोन, पुरानी बस्ती जोन, टाटीबंध जोन, ब्राह्मणपारा जोन सहित ग्रीन आर्मी के विभिन्न जोन के सदस्यों ने श्रमदान किया।

### निधन

#### भूपेंद्र वर्मा

**भैंसा।** ग्राम खोरसी निवासी पूर्व सरपंच स्व. भूपेंद्र वर्मा पिता रामकुमार वर्मा 40 वर्ष का 13 मई को निधन हो गया। वे युगल किशोर वर्मा बैंक ऑपरेटर के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी मात्रा में ग्रामवासी खोरसी व आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आयोजन : साहू समाज के सामाजिक भवन का मंत्री ने लोकार्पण किया, मनी कर्मा जयंती

# समाज को संस्कार से परिपूर्ण बनाने के लिए माता आएं आगे : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम अर्जुनी में साहू संघ द्वारा कर्मा जयंती एवं नए साहू समाज भवन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जो साहू भवन चामुंडा मंदिर से होते हुए तेली तालाब सामुदायिक भवन में संपन्न हुई।

मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रत्येक समाज में कुछ ना कुछ खामियां हैं, उन बुराइयों को दूर करने के लिए सभी समाज आगे आये समाज सुसंस्कारों से परिपूर्ण हो। इसके लिए हमारी माता को आगे आना होगा। प्रत्येक मां अपने बच्चों को अच्छा संस्कार दे। साहू समाज भी नौकरी व्यापार राजनीति क्षेत्र में आगे हैं। हर कदम प्रगति के लिए होना चाहिए। दौड़ एकता के लिए होना चाहिए। साथ ही साहू समाज के नवनिर्मित भवन के बाउंड्री वालों के लिए 15 लाख निषाद समाज भवन के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख देने और सरकारी राशन दुकान भवन का निर्माण करने की घोषणा की गई। मंत्री टंकराम वर्मा ग्राम अर्जुनी के विकास के लिए अनेक कार्य करवा चुके हैं। यहां हाई स्कूल में प्रार्थना शेड 15 लाख मिडिल स्कूल में प्रार्थना शेड 10 लाख एवं मंच निर्माण के लिए 5 लाख महतारी सदन के लिए 16 लाख सीसी रोड के लिए 10 लाख सरस्वती शिशु मंदिर में प्रयोगशाला के लिए 7 लाख योग भवन के लिए 10 लाख और सामुदायिक भवन वर्मा समाज के लिए 20 लाख रुपए पूर्व में भी दे चुके हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष साहू समाज बलौदाबाजार सुनील साहू ने कहा कि साहू समाज भी जागरूक हो गया है।भवन का जो सौगात मिला है वह एक मंदिर है जहां पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा। विधायक भाटापारा इंद्र साव ने कहा कि यह भवन नहीं है यह आस्था का केंद्र है समाज में संस्कारवान के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि साहू समाज के लोग महापुरुषों की जयंती बड़ी श्रद्धा से मनाते हैं। इसके अलावा आए हुए अतिथियों ने भी संबोधित किया।




### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

नेशनल खेल एवं 10वीं 12वीं में उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं में खिलेंद्र साहू, टिकेश्वरी साहू, नेहा साहू, भावना साहू, माधुरी साहू, टिकेश साहू, चंचल साहू, अन्नपूर्णा साहू, यामिनी साहू, धन्नू साहू, सहित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों ने सम्मान किया। परिक्षेत्र उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू ने कहा कि ग्राम अर्जुनी में कर्मा जयंती एवं लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री टंकाराम वर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि मंत्री ने हमारे अर्जुनी के लिए बड़ी सौगात दी हैं। एक करोड़ के आसपास कार्य किए हैं और इस कार्यक्रम में आकर पुनः सौगात देकर गए हैं। पूर्व विधायक बलौदा बाजार प्रमोद शर्मा को साहू समाज भवन के लिए 10 लाख दिए थे, जिनके लिए समाज के तरफ से उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किये हैं।



### ये हुए शामिल

पूर्व विधायक बलौदा बाजार प्रमोद शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ कार्यकारिणी धनंजय साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष बलौदा बाजार रेवाराम साहू, जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, तहसील अध्यक्ष बलौदाबाजार पारसमणी साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष बलौदाबाजार प्रेम नारायण साहू, जनपद सभापति वेदेश्वरी त्रिलोक यादव, सरपंच अर्जुनी कविता भगेला ध्रुव, उप सरपंच एवं तहसील संगठन सचिव विष्णु साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष परदेसी राम साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष टीकाराम साहू, परिक्षेत्र संगठन सचिव कृष्ण कुमार साहू, परिक्षेत्र संगठन सचिव उषा साहू,ग्रामीण अध्यक्ष राधेश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## सचिव ने हाथ से बनाया जिले का नक्शा कलेक्टर को किया भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम पंचायत सचिव की जिम्मेदारी निभाते हुए स्केल और पेन्सिल से नक्शा बनाने की जूनून ने शिवकुमार निराला को एक नई पहचान दिलाई है। नक़्शे में भौगोलिक व राजनीतिक स्थिति को बेहद आकर्षक ढंग से दर्शाया है। शिवकुमार ने सोमवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मुलाक़ात कर हस्तनिर्मित नक्शा भेंट किया। कलेक्टर ने शिवकुमार की कला व मेहनत की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हस्तनिर्मित सुंदर नक्शे का सम्मान करते हुए अपने टेबल में लगवाने की बात कही।


विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्राम चकरदा निवासी ग्राम पंचायत सचिव शिवकुमार निराला ने बताया कि वर्तमान में जनपद पंचायत कार्यालय बलौदाबाजार में संलग्न हैं। उन्होंने बताया कि ड्राइंग - पेंटिंग को कोई प्रशिक्षण नहीं लिया है। स्केच बनाने में रूचि थी, उसी रूचि को नक्शा बनाने की दिशा में मोडा। उन्होंने बताया कि लगभग 3 बाई 6 साइज का एक विकासखंड का नक्शा बनाने में एक माह का समय लगता है। इस तरह जिले का नक्शा बनाने में करीब 5 माह लगा था।

शिवकुमार द्वारा अपने हाथों से बनाया गया जिले का नक्शा उनकी बारीक कलाकारी, धैर्य और लगन को दर्शाता है।किसी भी क्षेत्र का नक्शा हाथ से बनाना बेहद सटीकता और भौगोलिक समझ की जरुरत होती है।

## शिक्षा विभाग के समस्त पदों पर समय पर हो पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

लोक शिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर द्वारा शिक्षा विभाग अंतर्गत शिक्षक संवर्ग के संबंध में जिला स्तर पर वरिष्ठता सूची, रिक्त पदों तथा पदोन्नति संबंधी जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने के जारी निर्देश का प्रदेश के सभी कर्मचारी एवं शिक्षक संगठनों ने स्वागत किया है।



राज्य इकाई अध्यक्ष भारती वर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में लंबे समय से विभिन्न पदों पर पदोन्नति लंबित रहने के कारण शिक्षकों एवं कर्मचारियों में निराशा का वातावरण बना हुआ था। अब लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी निर्देश से शिक्षकों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों एवं संभागीय संयुक्त संचालकों को 31 मई 2026 की स्थिति में रिक्त पदों, वरिष्ठता सूची तथा अन्य आवश्यक जानकारी निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रक्रिया वर्षों से लंबित पदोन्नति को गति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारती वर्मा ने बताया कि विभागीय पत्र में जिला कार्यालय, ब्लाक कार्यालय एवं विद्यालयों में रिक्त पदों की जानकारी, संवर्ग वार एवं विषयवार पदों का विवरण, 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में रिक्तियों की सूची, पदोन्नति एवं सीधी भर्ती के अनुपात अनुसार जानकारी सहित सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने कहा गया है। साथ ही पदोन्नति की रिक्तियों को 30 जून तक हर संभव स्थिति में पूर्ण करने हेतु विशेष ध्यान देने का निर्देश भी जारी किया गया है। कि पदोन्नति प्रक्रिया को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखकर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए ताकि वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को उनका वैधानिक अधिकार प्राप्त हो सके।

## महंगाई पर कांग्रेस ने की आम लोगों से चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा के नेतृत्व में तिगड्डा चौक स्थित मनीष किराना दुकान के सामने आम जनता एवं व्यापारियों के साथ बढ़ती महंगाई को लेकर जनचर्चा की गई। इस दौरान खाद्य तेल, राशन सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है और गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों का घर चलाना कठिन होता जा रहा है।

पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष बलौदाबाजार तूलराम वर्मा ने कहा कि बाजार में बढ़ती कीमतों के कारण आम उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल एवं राशन सामग्री की महंगाई सीधे गरीबों की थाली पर असर डाल रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए सरकार से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण लगाने की मांग की।

### खाद्य सामग्री की कीमतें गिनाई

चर्चा के दौरान लोगों छविराम दुर्गेश गणेश खिलेश्वर नरेश पप्पू ने बताया कि खाद्य तेल, दाल, चावल, शक्कर सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कई लोगों ने राशन सामग्री की अनियमित उपलब्धता और बाजार में बढ़ती कीमतों पर नाराजगी भी जताई।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि आज गरीब परिवारों की रसोई प्रभावित हो चुकी है और आम जनता महंगाई से त्रस्त है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर उनके हक की लड़ाई लड़ती रहेगी। पूर्व विधायक जनक वर्मा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल एवं खाद्य सामग्री की कीमतों में लगातार वृद्धि से हर वर्ग प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि महंगाई ने किसानों, मजदूरों एवं छोटे व्यापारियों की स्थिति कमजोर कर दी है। सरकार को आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## मांगों को लेकर दवा विक्रेता संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

- 20 मई को एक दिन बंद रहेंगे मेडिकल स्टोर्स

दवा विक्रेता संघ ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा, जिसमें दवा विक्रेता संघ के आव्हान पर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल एवं लंबित मांगों जिनमें अवैध ई फार्मेसी संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध तथा 28 अगस्त 2018 की अधिसूचना जी एस आर 817 ई की वापसी। बड़े कॉरपोरेट संस्थाओं द्वारा अपनाई जा रही प्रेडटरी मूल्य निर्धारण हिंसक मूल्य निर्धारण पर प्रभावी रोक तथा दिनांक 26 मार्च 2020 की अधिसूचना जी एस आर 220 ई की वापसी की मांग एवं अन्य मांग प्रमुख रूप से शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन, संरक्षक डॉ फारूख मेमन, सचिव आशीष ताम्रकार, सहसचिव दिनेश साहू, कोषाध्यक्ष गिरधारी देवांगन सहित अन्य सदस्य व दवा विक्रेता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
स्पेशल ट्रेन से - 31 अगस्त से 14 सितम्बर 2026 (15 दिन)
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
14 सितम्बर, 26 सितम्बर,
10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

### आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए संवाद

# प्रशासन और जनप्रतिनिधि पहुंचे जनता के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर में आयोजित "सुशासन तिहार" के तृतीय चरण के अंतर्गत संत माता कर्मा वार्ड स्थित मयूर शिशु मंदिर में जनसंवाद एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन एवं आमजन के मध्य सीधा संवाद स्थापित कर नागरिकों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना रहा। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने क्षेत्र के विकास, सड़क, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विषयों पर अपने विचार एवं समस्याएं रखीं।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार शासन की जनहितकारी सोच का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसके द्वारा प्रशासन सीधे जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याओं को सुन रहा है और उनके निराकरण की दिशा में कार्य कर रहा है। भाटापारा नगर के विकास एवं आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है।



पाठक सूचना
कसडोल एवं आस-पास के क्षेत्रों में
हरिभूमि
समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ
ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें
संवाददाता : गणेश शंकर साहू
रूद्र न्यूज एजेंसी
पता : कसडोल
मो. 8959020002